हीरो समूह का माइंडमाइन समिट

पुणे. हीरो एंटरप्राइजेज द्वारा स्थापित एक स्वतंत्र थिंक टैंक माइंडमाइन इंस्टीट्यूट ने कार्यक्रम माइंडमाइन समिट राजधानी में 20 और 21 अप्रैल को आयोजित किया है. हीरो समूह के इस वार्षिक आयोजन माइंडमाइन समिट के 11वें संस्करण में सरकार में वरिष्ठ मंत्री, उद्योगपति और विभिन्न क्षेत्रों से विचारक अपने विचारों का आदान प्रदान करेंगे. माइंडमाइन लीडरशिप कार्यक्रम के माध्यम से उच्च स्तरीय वार्ताओं की श्रृंखलाओं का आयोजन करता है. इस सम्मेलन के दौरान प्रतिष्ठित बीएमएल मुंजाल पुरस्कार बिज़नेस एक्सिलेंस थ्रू लर्निंग एंड डेवलपमेंट की भी घोषणा की जाएगी. इस समिट के 11वें संस्करण की घोषणा करते हुए हीरो एंटरप्राइज़ के चेयरमैन और हीरो कॉर्पोरेट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन सुनील कांत मुंजाल ने कहा, पिछले एक दशक में हमारे देश के विभिन्न पहलुओं के बारे में सार्थक चर्चा को बढ़ावा देने में यह समिट सुनने, बोलने और भागीदारी के लिहाज़ से एक अति महत्वपूर्ण आयोजन बन गया है.